CMYK
पो. रजि. नं. जयपुर सिटी/011/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 48910/91 fb/seemasandesh1951 seemasandesh1951@gmail.com 0141-2700113 ▪ जयपुर-श्रीगंगानगर (राज.) से एक साथ प्रकाशित ▪ जोधपुर, कोटा, नागौर से प्रसारित
▪ वर्ष : 35 ▪ अंक : 308 ▪ मूल्य : रु. 2.00 ▪ पृष्ठ : 08
1951 में स्थापित
सीमा सन्देश
संस्थापक स्व. कमल नयन शर्मा
ताकत किसान की, जवान की

जयपुर, मंगलवार 12 मई 2026 ऑनलाइन पढ़ें : epaper.seemasandesh.in

देवनानी ने विधानेश्वर महादेव... 8

सीएसआईआर-सीरी, जयपुर परिसर में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का भव्य आयोजन

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल

सीमा सन्देश संवाददाता

पिलानी। सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीरी) के जयपुर परिसर में 11 मई, 2026 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में राजस्थान के राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागड़े मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ. पी. सी. पंचारिया ने की। पारंपरिक रूप से समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर विज्ञान भारती-राजस्थान के सचिव मेघेन्द्र शर्मा तथा अन्य गणमान्य प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि माननीय राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागड़े ने उपस्थित जनों को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की बधाई देते हुए अपने संबोधन में कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी किसी भी राष्ट्र की प्रगति के मूल आधार हैं। उन्होंने प्राचीन भारतीय विज्ञान के महत्व को रेखांकित करते हुए वैज्ञानिक संस्थानों को आधुनिक विज्ञान के साथ सामंजस्य बैठाकर आगे बढ़ने की बात की। उन्होंने सीएसआईआर-सीरी द्वारा विकसित स्वदेशी तकनीकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संस्थान देश को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।